अमर उजाला

नई दिल्ली । सोमवार, 4 फरवरी 2019

प्रवाह

निर्भीक पत्रकारिता का आठवां दशक

स्थापना वर्ष : 1948

अपने इतिहास, उत्पत्ति और संस्कृति के ज्ञान के बिना व्यक्ति जड़विहीन पेड़ की तरह है...

-मार्कस गर्वे



जमैका के राजनेता व उद्यमी

अमेरिका में गिरफ्तार किए गए भारतीय छात्रों के साथ अमानवीय सुलूक नहीं होना चाहिए, पर यह घटना हमारे खुद के संभलने का भी अवसर होना चाहिए-अमेरिका में रहने का आकर्षण इतना तीव्र क्यों होना चाहिए कि हम वैध-अवैध तरीकों की परवाह ही न करें!

अपने गिरेबान में

अमेरिकी आप्रवासन और सीमा शुल्क विभाग (आईसीई) द्वारा फर्जी वीजा के मामले में कुछ दलालों समेत सौ से अधिक छात्रों की गिरफ्तारियां एक और उदाहरण है कि भारतीयों में अमेरिका में रहने-बसने का आकर्षण इतना तीव्र है कि वे वैध-अवैध तरीके में भी फर्क नहीं करते। विदेश जाने की यह आकांक्षा कभी हम भारतीयों को कबूतरबाजों के शिकंजे में फंसने को मजबूर करती रही है, तो माल्टा नाव दुर्घटना जैसी त्रासदी भी देशवासियों को अवैध तरीके से विदेश भागने में नहीं रोक पाती। अमेरिका में स्टूडेंट वीजा के दुरुपयोग की बढ़ती शिकायतों के बीच आईसीई ने मिशिगन के ग्रेटर डेट्रॉयट शहर में फार्मिंगटन नाम के एक फर्जी विश्वविद्यालय की स्थापना की और दलालों ने छात्रों को वहां दाखिला भी दिला दिया, जबकि वहां कक्षाएं नहीं होती थीं। अमेरिका का तर्क है कि छात्रों को विश्वविद्यालय के फर्जी होने के बारे में पता था, इसलिए वे भी उतने ही दोषी हैं। जबकि भारत ने अमेरिकी दूतावास को राजनीतिक विरोध पत्र जारी करते हुए रैकेट चलाने वालों और उसमें फंसने वालों के बीच फर्क करने, उन छात्रों को भारतीय राजनयिकों से संपर्क करने की सुविधा देने और प्रत्यर्पित करने के बजाय उन छात्रों को रिहा करने का अनुरोध किया है। शिक्षा के बहाने फर्जी वीजा रैकेट चलाने वालों को शिकंजे में कसने के लिए ओबामा के दौर में भी यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्दन न्यू जर्सी नाम से फर्जी विश्वविद्यालय खोलकर भारतीय और चीनी युवाओं को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि यह सवाल अपनी जगह है कि फर्जी वीजा के मामलों की जांच के लिए किया गया स्टिंग ऑपरेशन जायज है या नहीं। हो सकता है कि गिरफ्तार किए गए छात्रों में से कुछ को विश्वविद्यालय के फर्जी होने के बारे में पता न रहा हो। हिरासत में लिए गए छात्रों के साथ अमानवीय सुलूक भी नहीं होना चाहिए। रेडियो कॉलर के जरिये उन पर निगरानी रखना अत्यंत आपत्तिजनक है। सिर्फ यही नहीं कि ट्रंप के दौर में अमेरिका जाने वालों पर ज्यादा सख्ती शुरू हुई है, बल्कि यह घटना तब हुई है, जब एच-1बी वीजा मामले में अमेरिका के साथ हमारे मतभेद उभरे हैं। यह भी तय है कि इसके बाद अमेरिका में पढ़ने जाने की इच्छा रखने वाले भारतीय छात्रों के वीजा आवेदन पर सख्त जांच होगी। लेकिन यह मामला खुद हमारे लिए भी सचेत होने का कारण होना चाहिए।

रामदुर्ग का रास्ता

यह आवश्यक है कि राम जन्मभूमि विवाद की सुनवाई में बार-बार बदलती तिथियों से उपजे नैराश्य के वातावरण को सकारात्मकता की दिशा में ले जाया जाए। केंद्र सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में 0.313 एकड़ छोड़कर शेष 67 एकड़ अविवादित परिसर की वापसी का आवेदन इस दिशा में एक संभावनापूर्ण प्रयास है। दरअसल वह संपूर्ण क्षेत्र पौराणिक-सांस्कृतिक रामदुर्ग का ही एक भाग है, जिसके मध्य में यह विवादित 2.77 एकड़ राम जन्मभूमि परिसर स्थित है।

आगरा और अवध के जिला गजेटियर से स्पष्ट होता है कि अयोध्या के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के चिह्नीकरण का कार्य वर्ष 1902 में फैजाबाद के तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट होबर्ट आईसीएस द्वारा संतों-महंतों के निवेदन पर संपन्न कराया गया था। एडवर्ड सप्तम के राज्यारोहण के कार्यक्रम के समापन के बाद आयोजन समिति के पास 1,000 रुपये की धनराशि शेष रही। उस अवशेष धन का सदुपयोग करते हुए होबर्ट ने अयोध्या के लुप्त हो रहे तीर्थों, कुंडों को चिह्नित करते हुए कुल 145 शिलालेख लगवाए।

अयोध्या के इन शिलालेखों एवं धार्मिक स्थलों की वर्तमान स्थिति के संबंध में आचार्य रामदेवदास शास्त्री जी ने अपने पुस्तकाकार शोध कार्य में विस्तार से लिखा है। बहुत से शिलालेख उपलब्ध हैं। कई तो ऐसे परिसरों में हैं, जिन पर कब्जा हो चुका है। कुछ प्रस्तर अपने धार्मिक स्थल सहित अत्यंत दीन-हीन दशा को प्राप्त हो गए हैं। कब्जा करने वालों ने बहुत से शिलालेख गायब भी कर दिए हैं। अयोध्या के इन महत्वपूर्ण स्थलों की चिंता किसी भी स्तर पर कुछ संतों, बैरागियों को छोड़कर कभी की गई हो, ऐसा दृष्टिगत नहीं होता।



अयोध्या के सर्वप्रमुख तीर्थस्थल रामदुर्ग परिसर के पुनर्निर्माण के जरिये भविष्य में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद का समाधान हो सकता है।

आर विक्रम सिंह

अयोध्या का सर्वप्रमुख तीर्थस्थल रामदुर्ग है। इसके नाम पर आज मोहल्ला रामकोट बसा हुआ है। श्रीहनुमानगढ़ी रामदुर्ग का पूर्वी प्रवेश द्वार है। राम जन्मभूमि का आंदोलन स्वतंत्र भारत में 1949 से चल रहा है, किंतु आश्चर्यजनक बात यह है कि रामदुर्ग की पुनः स्थापना की चिंता किसी भी स्तर पर नहीं की गई। कभी यह परिसर एक दुर्भेद्य किले के समान मजबूत प्राचीरों से घिरा रहा था। बताते हैं कि मीर बाकी ने तोपें लगाकर जन्मस्थान मंदिर को ध्वस्त किया था। फिर रामदुर्ग को पूर्णतः तहस-नहस करते हुए इसे सूबे का मुख्यालय बना दिया गया। मुगल और नवाबों के काल में यह परिसर उनके सूबेदारों का कार्यालय व निवास बना रहा। शिलालेखों द्वारा प्रदर्शित 43 स्थल इस रामदुर्ग में ही स्थित हैं। रामदुर्ग भारतीय पौराणिक इतिहास का वह अध्याय है, जो सामान्य परिदृश्य से ओझल रहा है। अयोध्या के स्थानीय जन भी इन शिलालेखों के संबंध में विशेष कुछ नहीं जानते, अन्यथा कलेक्टर होबर्ट द्वारा 1902 में स्थापित किए गए बहुत से शिलालेख आज गायब न होते। अयोध्या की 80 प्रतिशत भूमि नजूल है। नजूल राजकीय भूमि होती है, जिसका अस्थायी स्वामित्व वार्षिक कब्जे द्वारा नियत होता है। रामदुर्ग की भूमि पर नजूल व राजस्व कर्मियों द्वारा मनमाना भौमिक अधिकार दर्ज कर देने की बातें सामने आई हैं। दुर्ग की दक्षिणी भुजा की, जो सुग्रीव किले से लेकर कुबेर नवरत्न टीले तक जाती है, लंबाई लगभग 500-600 मी. होनी चाहिए। इस अनुमान से रामदुर्ग के वर्गाकार परिसर का क्षेत्रफल 100 एकड़ से अधिक होता है। 67 एकड़ भूमि का अधिग्रहण 1993 में केंद्र सरकार द्वारा किया जा चुका है। रामदुर्ग की सीमाओं का सर्वेक्षण कर इसकी सीमा में स्थित धार्मिक मठों को छोड़कर अन्य जो भी अवशेष भूमि है, उनका अधिग्रहण कर इसके पौराणिक पूर्व स्वरूप को फिर से स्थापित करने की दिशा में चला जा सकता है।

वाल्मीकि रामायण, स्कंद पुराण, अयोध्या महात्म्य के आधार पर हेंस बेकर और आचार्य रामदेवदास शास्त्री द्वारा किए गए शोध कार्यों के विवरण से स्पष्ट होता है कि रामदुर्ग एक चौरस, वर्गाकार परिसर रहा है। दुर्ग के ईशान कोण पर वानरवीर मयंद का स्थान, अग्निकोण पर महाराज सुग्रीव का किला, नैऋत्य कोण पर नवरत्न कुबेर जी का स्थल व वायव्य कोण पर वानरवीर शरभ का स्थान है। दुर्ग का मुख्य प्रवेशद्वार पूर्व में हनुमान गढ़ी से है, जिसे राजद्वार कहा जाता था। पश्चिम में दुर्गेश्वर द्वार के रक्षक हैं और उत्तर में विभीषण जी। दक्षिणी द्वार नल-नील के स्थान के मध्य से है। दुर्ग के प्राचीरों पर अंगद, सुषेन, गवाक्ष, शतबली, गंदमादन, जामवंत, द्विविद, मत्गजेंद्र, केसरी, पनस आदि वानर, रीछ व राक्षस वीरों के स्थान हैं। उत्तर दिशा में विभीषण जी के स्थान के साथ ही सरमा का भी स्थान है। सरमा अशोक वाटिका में माता सीता की अंगरक्षिका थीं, जिन्हें रामदुर्ग में अत्यंत सम्मानित स्थान दिया गया है। तात्पर्य यह कि पौराणिक आख्यानों और ग्रंथों के संदर्भों के अतिरिक्त स्थलीय सत्यापन से भी अयोध्या में रामदुर्ग के अस्तित्व पर कभी कोई सवालिया निशान नहीं रहा है।

रामचरितमानस की चौपाई है, *रामकाज कीन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम।* रामदुर्ग की पुनः स्थापना एक बड़ा सांस्कृतिक रामकाज है। जन्मभूमि के 2.77 एकड़ विवादित क्षेत्र को, जो उसके मध्य में है, यदि छोड़ दें, तो दुर्ग परिसर, दुर्ग की प्राचीरों, प्राचीरों के स्थानों से संबंधित किसी भी प्रकार का कोई विधिक-न्यायिक विवाद किसी न्यायालय में लंबित नहीं है।

दुर्ग की पुनः स्थापना विवाद के समापन की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। अयोध्या भगवान राम की जन्मभूमि ही नहीं, उनकी कर्मभूमि भी है। वीरों द्वारा रक्षित यह रामदुर्ग श्रीराम जन्मभूमि ही नहीं, राम का दरबार भी है और भारत की शक्ति व संस्कृति का अपूर्व स्थल भी। यह परिसर आज उजाड़ है। प्राचीरों के आज अवशेष मात्र रह गए हैं। मत्गजेंद्र का यह टीला रामदुर्ग प्राचीर का उत्तरी भाग है। रामदुर्ग की प्राचीरों, किलों का पुनर्निर्माण धर्म संस्कृति के प्रेमियों को इस कार्य से जुड़ने की महत प्रेरणा देगा। रामदुर्ग परिसर की पुनः स्थापना का कार्य भविष्य में जन्मभूमि संबंधी विवाद के समाधान की भूमिका भी स्वतः ही लिख देगा, इसमें संदेह नहीं है।

अंतर्ध्वनि

>> विनोद कुमार शुक्ल

प्रकृति की थिरकनें मनुष्य की थिरकनों में अंकुरित होती हैं

कलाएं हमारे आसपास से अलग नहीं होतीं। अवकाश में हम अनुकूल आसपास को ढूंढते हैं। हमारा जो समीप है, वह कला है। पहली बार समुद्र के किनारे जब गए थे. तब मैं, सुधा और बच्चों के साथ सीपियां बीन रहा था। सीपियों में तरह-तरह के रंगों के शेड्स और लकीरें थीं। 'ऐसी लकीरें तो पूजा में बनती है' बेटी ने मिली सीपी को देखकर कहा था। सीपियों की लकीरों की डिजाइनें समुद्र के तटों के लोक में बहुत हैं। जहां समुद्र नहीं हैं, वहां के लोक में भी यह कला की सीपी अवकाश के सुख की लहर से फैलती है। कला प्रकृति का दुहराव है। प्रकति इतनी संपूर्ण है कि कला में जो होगा, वह पहले प्रकृति में हो चुका होगा। कला का होना अंकुरित होना है। रंग अंकुरित होते हैं। संगीत भी। कला में पत्थर भी अंकुरित होता है। प्रकृति की सारी थिरकनें मनुष्य की थिरकनों में अंकुरित होती हैं और नृत्य का स्वरूप बनाती हैं। फिल्म की कला में दृश्य, रंग, ध्वनि, और व्यवहार इत्यादि होते हैं। फिल्म बनाने की तकनीक महंगी और सामान्य जन से दूर है। पर बनी हुई फिल्म की पहुंच सामान्य जन तक बहुत है। करीब-करीब पूरी आबादी अब दर्शक आबादी है। उठने, बैठने, बोलने, पहिनने में फिल्म का गहरा असर होता है। फिल्म अपनी निरर्थकता पर अधिक फूली-फली है, सार्थकता पर कम। सभी कलाओं की समझ एक है। वैसे कला को एकांत के परिवार में पोसा जाता है, समूह के परिवार में बड़ा किया जाता है और परंपरा में वह शाश्वत होता है। मनोरंजन ने बाजार की ताकत का सहारा लेकर साहित्य-कलाओं का नुकसान किया है। सत्ता गंभीरता और बौद्धिकता का अंदर से विरोध करती है, इसलिए उत्कृष्टता की विरोधी है। कला गरीबों में बीज की तरह बची रहती है।



-सुप्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार

मंजिलें और भी हैं

>> राजेश वालंद

कैंसर मरीजों के काम आई गाने की मेरी आदत

गौतम काटे कैंसर के चौथे चरण में थे। उन्हें मुंह का कैंसर हुआ है। उनके पास पैसे इतने थे नहीं, कि वह कैंसर के खिलाफ अपनी लड़ाई ज्यादा लंबा खींच पाते। हताश, निराश काटे बस मौत का इंतजार कर रहे थे। उनकी हालत देश के तमाम कैंसर रोगियों जैसी ही थी, क्योंकि हमारे देश में लोगों को खाने के लाले होते हैं, वे कैंसर जैसी बीमारी का इलाज भला कैसे करेंगे। काटे को इलाज के लिए कम से कम तीन लाख रुपयों की तत्काल जरूरत थी। लेकिन छह लोगों के परिवार के लिए, जहां कमाने वाला सिर्फ एक बेटा हो, यह रकम बहुत ज्यादा थी। काटे का छोटा बेटा पढ़ाई करता है और बड़ा बेटा महीने के आठ हजार रुपये वाली प्राइवेट नौकरी करता है। कुछ महीने पहले ही काटे को अपनी बीमारी के बारे में पता चला। सरकारी अस्पताल में लंबी वेटिंग लिस्ट से थककर उन्होंने दूसरे अस्पतालों के चक्कर काटने शुरू किए। इसी प्रक्रिया में गौतम काटे से मेरी मुलाकात हुई। उनके बारे में पता चलने पर मैं परेशान हो गया। मैं सोच रहा था कि न सिर्फ काटे, बल्कि ऐसे अन्य लोगों को भी कैंसर का इलाज कैसे मुहैया हो। निकट भविष्य में कोई ऐसी सरकारी योजना शुरू नहीं होने वाली, जो इनकी मदद करे। मैं कुछ ऐसे ट्रस्टों से जुड़ा हूं, जो इस तरह के जरूरतमंदों की मदद करते हैं। मैंने उनसे संपर्क किया और उन्हीं की मदद के सहारे काटे की चार कीमोथेरेपी कराईं।

कैंसर पीड़ितों की मदद के हमारे प्रयास पर लोगों ने भरोसा किया और हमने बारह लाख रुपये जुटाए।

लेकिन बात इतने से बनने वाली थी नहीं। इलाज तभी आगे बढ़ता, जब उनकी सर्जरी होती। और सर्जरी के लिए चाहिए थे तीन लाख रुपये। इन हालात में मेरे दिमाग में एक विचार आया। दरअसल मैं दिवंगत अभिनेता राजेश खन्ना का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। उन पर फिल्माए गाने मैं अक्सर गुनगुनाता रहता हूं। डॉक्टरी की पढ़ाई के दौरान मैं विभिन्न कार्यक्रमों और सेमिनार वगैरह में अपनी गायन प्रतिभा से लोगों का परिचय कराता रहता था। इस नाजुक मौके पर मैंने उसी वक्त के अपने दोस्तों से संपर्क किया, जो पढ़ाई के दौरान मंच पर मेरा साथ देते थे। मेरी योजना थी कि हम मिलकर एक चैरेटिबल सिंगिंग शो आयोजित करेंगे और उससे हुई कमाई से कैंसर पीड़ितों की मदद करेंगे।

वर्तमान में डॉक्टरी कर रहे तीन पुराने दोस्त मेरे साथ आए और हमने मिलकर योजना पर काम शुरू कर दिया। यह जरूर है कि हम पेशेवर गायकों की तरह अच्छा नहीं गा पाते, पर हमारी आवाज इतनी बुरी भी नहीं है। हमने आशा भोंसले के साथ काम करने वाले म्यूजिकल बैंड से संपर्क साधा। इस नेक काम के लिए बैंड ने भी मुफ्त में अपनी सेवाएं देने का फैसला किया।

हमारा उत्साह बढ़ता गया और फिर सोशल मीडिया के जरिये कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया गया। ज्यादा से ज्यादा पैसे इकट्ठा करने के लिए शो के टिकट की कीमत एक हजार से ढाई हजार रुपये के बीच रखी गई। हम हैरान तब हुए, जब उम्मीद से पहले ही शो की सारे टिकट बिक गए। मतलब साफ था, कैंसर पीड़ितों की मदद के हमारे प्रयास पर लोगों ने भरोसा किया। उनके भरोसे पर खरे उतरते हुए हमने इकट्ठा हुए बारह लाख रुपये मुंबई के अंधेरी स्थित श्री आदिनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट के हवाले कर दिया। हमें खुशी है कि इसी रकम से गौतम काटे का इलाज किया जा रहा है।

-विभिन्न साक्षात्कारों पर आधारित।

मंदिर-मस्जिद से परे

बेरोजगारी, गरीबी और शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाओं का गंभीर अभाव हिंदुओं और मुसलमानों के लिए असली मुद्दे हैं। पर इन असली मुद्दों का समाधान आसान नहीं है। सो जब भी चुनाव करीब आते हैं, राम मंदिर का मुद्दा फिर से राजनीति में प्रथम स्थान पा लेता है।

मेरी राय में राम मंदिर आने वाले आम चुनावों में मुद्दा ही न होता, अगर मुस्लिम समाज का नेतृत्व समझदार लोग कर रहे होते। बाबरी मस्जिद जब नहीं रही उस जगह पर, जहां भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था, तो उस मस्जिद को बाबर, या किसी और के नाम पर, अयोध्या में कहीं और क्यों न खड़ा कर दिया जाए? क्या जरूरी है कि उसका निर्माण दोबारा उसी जगह पर हो, जिस जगह के साथ करोड़ों हिंदुओं की आस्था जुड़ी हुई है? जब सुब्रमण्यम स्वामी जैसे राम जन्मभूमि आंदोलन के महायोद्धा कहते हैं कि मस्जिद सरयू नदी के उस पार बनवाने में वह स्वयं सहायता करेंगे, तो समस्या ही क्या है?

राम मंदिर बनाने की गुहार पिछले दिनों हिंदू समाज के कई वर्गों से उठी है। कुंभ मेला में साधु-संतों से, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक से, भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से और टीवी चर्चाओं में भाग लेते हुए ऐसे लोगों से भी, जो अपने आप को गर्व से हिंदू कहते हैं। सो एक बार फिर आने वाले चुनाव में राम मंदिर मुद्दा बन गया है। क्यों न बने, जब दिल्ली में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है अपने बल पर? क्यों न बने, जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं राजनीति में आए थे राम जन्मभूमि आंदोलन द्वारा?

दशकों से उलझा हुआ मंदिर-मस्जिद का मुद्दा बहुत पहले सुलझ गया होता, अगर मुस्लिम समाज के नेताओं ने समझदारी से अपना पक्ष रखा होता। शुरू में ही तय कर देते कि राम जन्मभूमि और कृष्ण जन्मभूमि को वे हिंदुओं को इस शर्त पर देने को तैयार हैं कि इसके बाद देश में जितनी अन्य मस्जिदें हैं, सब

तवलीन सिंह

सुरक्षित रहेंगी, तो राम जन्मभूमि का आंदोलन शायद शुरू ही न होता। लेकिन वे अड़े रहे इस बात पर कि एक भी मस्जिद की जगह मंदिर नहीं बनेगा, तो मामला तूल पकड़ता गया। इस मुद्दे पर कई राजनीतिज्ञों ने अपनी रोटियां सेंकी हैं और अदालतों में वकीलों के खूब पैसे बने हैं। बेगुनाह हिंदुओं और मुसलमानों ने दंगों में अपनी जानें देकर कीमत चुकाई है।

बाबरी मस्जिद गिराए जाने के बाद विराम लगता इस मंदिर-मस्जिद के झगड़े पर, तो आज शायद अयोध्या में राम मंदिर बन गया होता और सारा झगड़ा समाप्त हो गया होता। ऐसा हुआ नहीं है, तो सबसे ज्यादा दोष राजनीतिज्ञों का है। ईमानदारी से नेतृत्व दिखाया होता, तो इस मुद्दे को लेकर इतना तनाव, इतनी नफरत हिंदुओं और मुसलमानों के बीच न फैली होती। लेकिन ऐसा न करके उन्होंने इस मंदिर-मस्जिद के मुद्दे से जी भर के राजनीतिक लाभ उठाया है।

एक तरफ अगर हिंदुत्ववादी राजनेता हैं, जो ऊंची आवाजों में कहते-फिरते हैं कि जो लोग राम मंदिर का विरोध कर रहे हैं, वे देशद्रोही हैं, तो दूसरी तरफ कांग्रेस के राजनेता हैं, जो मुस्लिम वोट हासिल करने के लिए कुछ भी कहने को तैयार हैं। राहुल गांधी इसका प्रतीक बन गए हैं। हिंदुओं को लुभाने के लिए वह स्वयं को जनेऊधारी ब्राह्मण बताते हैं, तो दूसरी तरफ देवबंद में जाकर मुस्लिम टोपी पहन कर कहते हैं कि उनके पिताजी की हत्या न हुई होती, तो बाबरी मस्जिद को गिराए जाने का सवाल ही न उठता।

हिंदुओं और मुसलमानों के लिए असली मुद्दे बहुत हैं। बेरोजगारी, गरीबी और शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाओं का गंभीर अभाव, लेकिन इन असली मुद्दों का समाधान आसान नहीं है। सो जब भी चुनाव करीब आते हैं, अयोध्या में राम मंदिर का मुद्दा फिर से भारत की राजनीति में प्रथम स्थान पा लेता है। दोष राजनेताओं का तो है ही, लेकिन विनम्रता से कहना चाहूंगी कि सबसे अधिक दोष उन संस्थाओं और व्यक्तियों का है, जिन्होंने इस मुद्दे को लेकर मुस्लिम समाज का नेतृत्व किया है।

हरियाली और रास्ता

गुड़िया, पिता और दादा जी

एक बेटी की कहानी, जिसे अपने सवाल का जवाब पंद्रह साल के बाद समझ में आया।

रेलवे प्लेटफॉर्म पुलिस के जवानों से भरा था। सामने ट्रेन खड़ी थी और गुड़िया को उसके पापा खिड़की से टाटा कर रहे थे। तभी इंजन का हॉर्न बजा। गुड़िया ने दादा जी से पूछा, पापा क्यों जा रहे हैं? दादा जी की आंखों से आंसू टपक रहे थे। मम्मी और दादी भी रो रही थीं। ट्रेन के हिलते ही गुड़िया पापा को टाटा करने लगी।

फिर सभी गुड़िया के साथ घर लौटने लगे। दादा जी के कानों में गुड़िया का सवाल गूंज रहा था। वह उसे कैसे बताते कि उसके पिता दूसरे शहर में कानून-व्यवस्था संभालने जा रहे हैं। वे स्टेशन से कुछ ही दूर चले थे कि उन्हें रास्ते में एक जुलूस मिला, जिसमें कुछ लोग दूसरे धर्म की बर्बरता के खिलाफ नारे लगा रहे थे। बाजार को पार करते हुए उनकी गाड़ी एक वीरान इलाके से गुजरी, जहां से कुछ लड़कियां हंसती-खिलखिलाती घर लौट रही थीं।

घर पहुंच कर जब दादा जी ने टीवी खोला, तो उस पर खबर आ रही थी कि एक पड़ोसी ने तेज संगीत बजाने की वजह से दूसरे पड़ोसी की गोली मारकर हत्या कर दी। दादा जी ने टीवी बंद कर गुड़िया को गोद में लिया, फिर बोले, तुम जानना चाहती हो कि तुम्हारे पापा क्यों गए? वह इसलिए गए, ताकि देश में हर धर्म के लोग सुख और शांति से रह सकें। वह इसलिए गए, ताकि देश के तमाम नागरिक अपना मनचाहा जीवन जी सकें। तुम्हारे पापा इसलिए गए, ताकि लोग एक दूसरे के साथ प्रेम और भाइचारे से रह सकें। गुड़िया अपने पापा से पूछना चाहती थी कि क्या आप मुझे प्यार नहीं करते?

लेकिन यह सवाल पूछने का उसे मौका ही नहीं मिला। दो महीने बाद यह मनहूस खबर आई कि गुड़िया के पापा अपराधियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए। रोती हुई गुड़िया को अपने सवाल का जवाब पंद्रह साल के बाद जाकर समझ में आ गया।

खुली खिड़की

एयरलाइंस का मुनाफा

भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में नागरिक उड्डयन क्षेत्र की संभावनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। यही वजह है कि पिछले चार-पांच वर्षों के दौरान वैश्विक स्तर पर एयरलाइंस की कमाई में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।



स्रोत- स्टैटिस्टा

सत्संग

गहराई जरूरी है

गांव में पधारे संत से मुखिया ने पानी की कमी का समाधान पूछा। संत ने कहा, पानी लाने के लिए पांच-दस कोस जाने के बजाय अच्छा हो कि तुम गांव में एक कुआं खोद लो। संत की सलाह मानकर उस आदमी ने कुछ लोगों को कुआं खोदने के काम में लगा दिया। लेकिन सात-आठ फीट खोदने के बाद उसमें से पानी तो क्या, गीली मिट्टी का चिह्न भी नहीं मिला। उसने वह जगह छोड़कर दूसरी जगह खुदाई शुरू करवाई। लेकिन दस फीट खोदने के बाद भी उसमें पानी नहीं निकला। उसने तीसरी जगह कुआं खुदवाना शुरू किया, लेकिन वहां भी निराशा ही हाथ लगी। इस क्रम में उसने आठ-दस फीट के दस कुएं खुदवा डाले, लेकिन पानी नहीं मिला। निराश होकर वह दोबारा संत के पास गया और उनसे कहने लगा, महाराज, आपकी सलाह पर मैंने कुआं खुदवाना शुरू किया था। मैंने अब तक दस कुएं खुदवा डाले, पर किसी में भी पानी नहीं निकला। संत को यह सुनकर बहुत आश्चर्य हुआ। वह स्वयं चलकर वहां पहुंचे, जहां दस कुएं खोदे गए थे। लेकिन उनकी गहराई देखकर वह सारी बात समझ गए और कहने लगे, दस कुआं खोदने के बजाय अगर तुम एक कुएं में ही अपना सारा परिश्रम और पुरुषार्थ लगाते, तो पानी कब का मिल गया होता। अब तुम सब गड्ढों को बंद कर दो, केवल एक को गहरा करते जाओ, पानी निकल आएगा। धैर्य विहीन आदमी हर काम फटाफट करना चाहता है और किसी काम में सफल नहीं होता। मुखिया को बात समझ में आ गई।

-संकलित

कुछ लोग हमारे लिए जान देते हैं, पर हम इस जज्बे को समझ नहीं पाते।

दैनिक जागरण

विचार कर्म का बीज है

ममता की मनमानी

क्या इससे बड़ी विडंबना और कोई हो सकती है कि जो ममता बनर्जी मोदी सरकार की कथित लोकतंत्र विरोधी नीतियों का झंडा बुलंद किए रहती हैं वह खुद भाजपा के खिलाफ तानाशाही भरे रवैये का परिचय देने में संकोच नहीं कर रही हैं? समझना कठिन है कि उनकी सरकार ने किस अधिकार के तहत बालूरघाट में भाजपा की रैली को संबोधित करने के लिए वहां जाने की तैयारी कर रहे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हेलीकॉप्टर को उतरने की अनुमति नहीं दी? इस मनमानी रोक के चलते उन्हें फोन से रैली को संबोधित करना पड़ा। यह किसी राज्य सरकार की ओर से विरोधी दल के नेताओं को अपने यहां सभा-सम्मेलन करने से रोकने का दुर्लभ उदाहरण है। दुर्भाग्य से ममता बनर्जी इस तरह के उदाहरण पेश करने में माहिर होती जा रही हैं। भाजपा की इस रैली में खलल डालने के पहले उनकी सरकार भाजपा अध्यक्ष अमित शाह की पश्चिम बंगाल यात्रा में भी इसी तरह की बाधा डाल चुकी है। उनकी सरकार पर यह भी आरोप है कि वह प्रधानमंत्री की रैलियों के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं कर रही है। यह तो एक तथ्य ही है कि ममता सरकार कानून एवं व्यवस्था बिगड़ने का अंदेशा जताकर भाजपा को यात्राएं नहीं निकालने दे रही है। आखिर ऐसी सरकार के मुखिया को लोकतांत्रिक कैसे कहा जा सकता है? माना कि ममता बनर्जी अपने गुस्से के लिए जानी जाती हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वह लोकतांत्रिक मूल्यों और मर्यादाओं को ताक पर रख दें। मुश्किल यह है कि वह ऐसा डंके की चोट पर कर रही हैं। ऐसा लगता है कि उन्हें यह भान ही नहीं है कि वह एक राज्य की मुख्यमंत्री हैं और उन्हें अपने राजनीतिक विरोधियों के प्रति ऐसा रवैया शोभा नहीं देता। इस तरह का रवैया लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है। इससे केवल पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक छवि को भी चोट पहुंचती है।

ममता बनर्जी अपने मनमाने तौर-तरीकों से अपना ही नुकसान कर रही हैं। आखिर राजनीतिक विरोधियों के प्रति असहिष्णुता दिखा रहा कोई नेता प्रधानमंत्री बनने का सपना कैसे देख सकता है? अपने राजनीतिक विरोधियों के प्रति ममता का असहिष्णु रवैया कुल मिलाकर उन वामदलों की ही याद दिला रहा है जिनके कठोर शासन से उकता कर लोगों ने ममता बनर्जी को सत्ता सौंपी थी। वह तो वाम दलों को भी मात दे रही हैं। वह भाजपा और मोदी सरकार के प्रति इस हद तक असहिष्णुता से भरी हुई हैं कि केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को ठुकराने के साथ ही केंद्रीय एजेंसियों के प्रति भी दुर्भावना का प्रदर्शन करने में लगी हुई हैं। ममता बनर्जी अपने मनमाने आचरण से यही दर्शा रही हैं कि सत्ता में आने के बाद कुछ नेता किस तरह बेलगाम हो जाते हैं। इस पर यकीन करना कठिन है कि यह वही ममता बनर्जी हैं जो संघीय ढांचे की रक्षा के लिए चिंता जताया करती थीं। उनकी सरकार का रवैया तो संघीय ढांचे की मूल भावना पर ही प्रहार करने वाला है। क्या ममता बनर्जी को साथ लेकर महागठबंधन बनाने वाले नेता यह देखेंगे कि उनकी एक सहयोगी कैसा अलोकतांत्रिक आचरण कर रही हैं?

एपीपी का इस्तीफा

सम्मानजनक पारिश्रमिक नहीं मिलने से क्षुब्ध झारखंड के दर्जनों सरकारी अधिवक्ताओं (एपीपी) ने पिछले तीन-चार महीने में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। एपीपी के लिए स्वीकृत 65 पदों में से महज 35 ही कार्यरत हैं। ये वही एपीपी हैं, जिन पर लगभग छह हजार सरकारी मुकदमों का भार है। झारखंड उच्च न्यायालय में विभिन्न वादों में सरकार की ओर से मजबूत पक्ष रखने की जवाबदेही इन पर ही है। इससे इतर अगर पारिश्रमिक की बात करें तो इन्हें चतुर्थ श्रेणी का भी मानदेय नहीं मिलता। इस श्रेणी के कर्मियों को सरकार जहां प्रति माह 30 से 40 हजार रुपये वेतन देती है, वहीं इन्हें बमुश्किल 18 हजार रुपये से संतोष करना पड़ता है। और तो और पिछले साल जारी नियमावली में ऐसे अधिवक्ताओं की निजी प्रैक्टिस पर भी रोक लगा दी गई है। ऐसे में सरकारी अधिवक्ताओं का मोहभंग हो रहा है, जिसका सीधा प्रभाव यहां की न्यायिक प्रक्रियाओं पर पड़ा है। एक ही प्रकृति के काम में पारिश्रमिक की विषमता की बात करें तो हाई कोर्ट में सरकारी मुकदमों की पैरवी के लिए केंद्र सरकार के वरीय अधिवक्ताओं को नौ हजार रुपये प्रति केस देने का प्रावधान है। राज्य के महाधिवक्ता को प्रतिदिन दस हजार, जबकि एएजी को आठ हजार रुपये प्रतिदिन इस मद में मिलते है। एपीपी को अन्य राज्यों में देय पारिश्रमिक पर गौर करें तो इसी कार्य के लिए बिहार में जहां लगभग प्रतिमाह 66 हजार रुपये दिए जाते हैं, वहीं पंजाब में सरकारी अधिवक्ताओं को 75 हजार रुपये मिल रहे हैं। हरियाणा में इन्हें प्रतिमाह तकरीबन एक लाख दस हजार रुपये, चंडीगढ़ में प्रतिमाह 27 हजार रुपये के अलावा प्रति मुकदमा 15 हजार रुपये और छत्तीसगढ़ में 45 हजार रुपये प्रतिमाह के अलावा दो हजार रुपये प्रतिदिन सरकार का पक्ष रखने पर देने का प्रावधान है। बताते चलें कि हाई कोर्ट में प्रतिदिन औसतन 150 ऐसे मामलों की सुनवाई होती है, जिस पर एपीपी सरकार का पक्ष रखते हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि सरकार झारखंड के सरकारी अधिवक्ताओं के पक्ष में सकारात्मक पहल करते हुए उनके लिए सम्मानजनक पारिश्रमिक की घोषणा करे ताकि दिनों दिन सरकार पर बढ़ रहे मुकदमों का बोझ कम हो।

दुनिया के लिए समस्या बनता बेलगाम चीन

आरपी सिंह

चीन की ताकत इतनी बढ़ गई है कि वह जिस देश पर हमला करेगा, उसे संभलने का मौका भी नहीं देगा। भारत को भी उससे और चौकस रहने की जरूरत है

अवधेश राजपूत

अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन की 125 पन्नों की एक हालिया रिपोर्ट में चीन की बढ़ती सामरिक शक्ति पर चिंता व्यक्त की गई है। इसके साथ ही बीजिंग दुनिया में आर्थिक साम्राज्यवाद की मुहिम भी चला रहा है। इसके लिए वह गरीब और विकासशील देशों को कर्ज के जाल में फंसाकर उनकी जमीन कब्जाने की जुगत में है। उन देशों के बाजार और कच्चे माल की आपूर्ति के लिए उनके संसाधनों पर भी चीन की नीयत खराब है। उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका से लेकर यूरोप, अफ्रीका और एशिया तक दुनिया के हर कोने में चीन अपने पैर पसार रहा है। दुनिया भर के बाजार उसके सस्ते उत्पादों से पट रहे हैं जो स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बर्बाद करने पर तुले हैं। चीन के उभार के चलते बीते कुछ वर्षों में अमेरिका को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ा है। गत वर्ष जारी अमेरिकी राष्ट्रीय रक्षा रणनीति में रूस और चीन के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा की अहमियत पर जोर दिया गया था। इसमें दावा किया गया कि चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति और रूस की आक्रामकता ने दुनिया भर में अमेरिकी सैन्य बढ़त को कमजोर किया है। सैन्य मोर्चे पर चीन के भारी खर्च से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी बड़ी चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। आधिकारिक रूप से बीजिंग रक्षा पर 157 अरब डॉलर खर्च कर रहा है, जबकि अमेरिका का रक्षा बजट अभी भी 602 अरब डॉलर है। वहीं भारत ने भी 2017 में रक्षा पर 52 अरब डॉलर खर्च किए। इस खर्च का दूसरा पहलू भी है। अगर विनिमय दरों की तुलना से इतर वास्तविक सैन्य खर्च की बात करें तो यह काफी ज्यादा होगा। यहां तक कि क्रय शक्ति समानता और अन्य पैमानों को देखते हुए भी यह अधिक है। अमेरिका को चीन की सैन्य चुनौती अभी तक केवल पश्चिमी प्रशांत महासागर तक ही सीमित थी, लेकिन बीजिंग अब ऐसी क्षमताएं हासिल करने में जुटा है कि उसकी सैन्य शक्ति के दायरे का क्षेत्रीय पड़ोसियों से परे तक विस्तार हो। बीजिंग ने पांचवीं पीढ़ी का उन्नत लड़ाकू विमान, एंटी शिप बैलिस्टिक मिसाइल और डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों के निर्माण की क्षमताएं हासिल कर ली हैं। अपनी अन्य ताकतों के साथ ही इन सबसे बीजिंग को न केवल पूरब और दक्षिण पूर्व एशियाई पड़ोसियों पर बढ़त हासिल हो जाती है, बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए अमेरिकी हस्तक्षेप की राह रोकने में भी वह सक्षम हो गया है। रक्षा के मोर्चे पर उसकी तमाम कवायदें अब रंग ला रही हैं। ऐसे में अगर ताइवान या अमेरिका के दूसरे सहयोगियों का चीन के साथ संघर्ष छिड़ता है तो उनकी रक्षा के लिए अमेरिका के समक्ष चुनौती और कड़ी होगी।

चीन ने बाइडू-3 सैटेलाइट के सफल प्रक्षेपण के साथ ही अपने अंतरिक्ष आधारित नेविगेशन सिस्टम को बहुत दुरुस्त बना लिया है। इससे वह दुश्मन के ठिकानों पर बहुत बारीकी से निशाना लगा सकता है। चीनी सेना अब युद्ध के मैदान में वर्चस्व बना सकती है। पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान से लेकर लंबी रेंज की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग के मिश्रण से चीन ने सैन्य मोर्चे पर ऐसी तरक्की की है जिसने दुनिया के सामने एक गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। चीनी नौसेना में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेल गन के रूप में एक बेहद मारक हथियार जोड़ा गया है। इसे 'सुपरगन' का नाम भी दिया जा रहा है। यह हवा में भी बेहद तेजी और अचकूता के साथ निशाना लगा सकती है तो एयरक्राफ्ट मिसाइल को काफी दूरी से ही सटीकता के साथ ध्वस्त कर सकती है। अपने शक्तिशाली वार से यह किसी जहाज को भी डुबो सकती है। चीन की हाइपरसोनिक मिसाइल भी लक्ष्य से भटके बिना ही 5,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार की गति से उड़ान भर सकती है। हथियार प्रणाली अधिकांश मिसाइलों में सेंध लगाने में सक्षम है। चीन की ताकत इतनी बढ़ गई है कि वह जिस देश पर हमला करेगा, उसे संभलने का मौका भी नहीं देगा। वह उस देश की चेतावनी प्रणाली और मिसाइल रक्षा तंत्र को भी तहस-नहस कर सकता है।

दक्षिण चीन सागर में भी चीन दूर-दराज के इलाकों में मिसाइल शेल्टर, अत्याधुनिक सेंसर और रडार सिस्टम से लैस सैन्य सुविधाओं वाली चौकियां विकसित कर रहा है। पानी के भीतर निगरानी के लिए भी उसने नई तकनीक ईजाद की है। इसके दो फायदे हैं। एक तो चीनी पनडुब्बियों को लक्ष्य पर निशाना लगाने में सहूलियत होगी तो चीन के सामुद्रिक रेशम मार्ग को भी सुरक्षा मिलेगी। जहाजों, उपग्रहों और जलमग्न ग्लाइडरों के उपयोग से यह प्रणाली दक्षिण चीन सागर और हिंद-प्रशांत महासागर में जल के भीतरी परिदृश्य से जुड़े तमाम आंकड़े जुटा सकती है।

विदेशों में किया चीनी निवेश भी अब फलीभूत हो रहा है। व्यापक वैश्विक मौजूदगी के लिए आतुर चीन को इससे दूसरे देशों में नौसैनिक बंदरगाह बनाने का अवसर मिला। चीनी रणनीतिकार इस पर भी विचार कर रहे हैं कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उत्तर-पूर्वी अफ्रीका में अपने सैन्य प्रभुत्व को कैसे भुनाए जिनसे फारस की खाड़ी जैसे उसके प्रमुख जलमार्गों का सीधा सरोकार है। ये चीन की सामुद्रिक जीवनरेखा की धुरी माने जाते हैं। वहीं व्यापार और अवसंरचना से जुड़ी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव परियोजना का भी यही मकसद है जिसमें चीन को एशिया और यूरोप से जोड़ना है। इससे चीन को अपने सागर तट से हजारों मील दूर तस्करों से निपटने, संकट से उबरने और नौसैनिक अभ्यास में मदद मिलेगी। आर्कटिक महासागर, बाल्टिक सागर और अन्य तमाम सुदूरवर्ती जलमार्गों तक उसकी पैठ बढ़ी है। चीनी नौसेना भी बेहद सक्षम विमानवाहक पोत विकसित करने में जुटी है। इससे वैश्विक शक्ति संतुलन में पलड़ा भी चीन की ओर झुकेगा। सामरिक रूप से महत्वपूर्ण जिबूती में भी चीन का पहला विदेशी सैन्य अड्डा शुरू हो चुका है। बीजिंग आर्थिक शिकंजे और आक्रामक कूटनीति का भी सहारा ले रहा है। पाकिस्तान के खस्ता आर्थिक हालात का भी चीन भरपूर लाभ उठा रहा है जिसे उसने एक तरह से अपनी जागीर बना लिया है। भारत के साथ दुश्मनी का साझा भाव भी इन दोनों देशों को करीब लाया है। भारत के पड़ोसी देशों में भी भारी निवेश के जरिये चीन उन्हें लुभाने में जुटा है। चीन के अधिकांश पड़ोसी उसके वर्चस्व के आगे मौन हैं। वहीं अपने आकार, आबादी और अन्य पैमानों के आधार पर भारत ही उसे चुनौती देने में सक्षम है। भारत को असल में नेहरू के दौर से चली आ रही समाजवादी नीतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा। उनके चलते भारत चीन से पिछड़ता गया, जबकि 1980 के दशक में भारत का जीडीपी चीन से अधिक था। भारत के पास सैन्य तैयारियों के लिए वित्तीय संसाधनों का अभाव है।

जहां चीन पांचवीं पीढ़ी का उन्नत लड़ाकू विमान बनाकर मारक हथियारों का जखीरा बढ़ा रहा है वहीं भारतीय वायु सेना की न्यूनतम जरूरत को पूरा करने के लिए राफेल विमान खरीद को ही कुछ नेता अटकाने में अड़े हैं। ऐसे नेताओं के इरादों पर पानी फेरने के लिए जनता को आगे आना होगा ताकि भारत सैन्य और आर्थिक रूप से सशक्त बन सके। देश के अस्तित्व के सवाल पर सियासत नहीं होनी चाहिए।

(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)

response@jagran.com

बजट में खुला राहत का पिटारा

कार्यवाहक वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने अंतरिम बजट में समाज के हर एक तबके को दिल खोल कर राहत दी है। इसके लिए उन्होंने लोगों पर किसी तरह के अतिरिक्त कर का बोझ भी नहीं डाला है। वर्ष 2019-20 के लिए पेश अंतरिम बजट में उन्होंने छोटे किसानों के लिए आय सहायता योजना की घोषणा, मध्यम वर्ग को आयकर में छूट, सेना की पेंशन में बढ़ोतरी, असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए पेंशन योजना और एमएसएमई इकाइयों को ब्याज में छूट आदि अनेक कदमों की घोषणा की गई। लगता है कि इस तरह वित्त मंत्री ने लोकसभा चुनावों के लिहाज से जनता का दिल जीतने की पुरजोर कोशिश की है। उल्लेखनीय है कि ऐसी तमाम राहतें देने के बावजूद लोगों पर करों का कोई नया बोझ नहीं डाला है, बल्कि उन्होंने बजट घाटा घटाने के उद्देश्य से कुछ समाधान भी पेश किया है। इन बजट प्रस्तावों के अलावा वित्त मंत्री ने प्रत्येक मोर्चे पर मोदी सरकार की उपलब्धियों की विस्तृत सूची भी सामने रखी। एकबारगी तो ऐसा लगा कि वह कोई चुनावी घोषणापत्र पढ़ रहे हैं। शेयर बाजार ने बजट का स्वागत जोरदार तेजी के साथ किया है। विपक्ष को भी इस सर्वसमावेशी बजट की आलोचना करने में कठिनाई महसूस हो रही है।

वित्त मंत्री ने प्रस्ताव रखा है कि पांच लाख रुपये सालाना तक की आमदनी वाले लोगों को आयकर नहीं देना पड़ेगा। यदि वे मान्य कर बचत साधनों में निवेश करें तो उन्हें 6.5 लाख रुपये तक की आय पर आयकर नहीं देना होगा। हालांकि इससे सरकार को अपनी आय में 18,500 करोड़ रुपये का घाटा झेलना होगा। इसके अलावा बजट में स्टैंडर्ड डिडक्शन वर्तमान 40,000 से बढ़ाकर 50,000 रुपये किया गया है, किंतु आयकर की दरें यथावत रखी गई हैं। ब्याज की आय संबंधी स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) की सीमा 10000 रुपये से बढ़ाकर 40000 रुपये की गई है। किसानों के लिए बहु अपेक्षित आय सहायता योजना की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत दो हेक्टेयर तक की कृषि भूमि के स्वामी किसानों को वार्षिक 6,000 रुपये तीन समान किस्तों में दिए जाएंगे। इसका वार्षिक खर्च 75,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है और उससे 12 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा। यह योजना एक दिसंबर, 2018 से ही लागू मानी जाएगी। इसके अलावा किसानों के लिए पशुपालन और प्राकृतिक आपदा के साथ जुड़ी अन्य कुछ राहतें भी घोषित हुई हैं।

असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए लाई गई पेंशन योजना भी एक अन्य महत्वपूर्ण कल्याणकारी कदम है। प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना के तहत फेरी वाले, रिक्शा वाले, खेत मजदूर और घरेलू कामगारों सहित करोड़ों श्रमजीवियों के मामूली योगदान जितनी रकम सरकार भी उनके खाते में जमा कराएगी। असंगठित क्षेत्र के 42 करोड़ कामगारों में से 10 करोड़ श्रमजीवियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। अन्न सुरक्षा योजना के लिए गत वर्ष के 92,000 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष 1,70,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जबकि ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के लिए 2019-20 में 60,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

वित्त मंत्री ने आयकर कानून की धारा 54 में संशोधन भी प्रस्तावित किया है। मौजूदा कानून के अनुसार कोई भी व्यक्ति यदि अपना घर बेचता है और उसे दीर्घकालीन मुनाफा होता है तथा वह उसका एक घर खरीदने में निवेश

आशीष कुमार चौहान

सबसे खास पहलू यही रहा कि तमाम वर्गों को रियायतें देते हुए किसी वर्ग विशेष पर उसका बोझ नहीं डाला गया है

करता है तो उसे कोई कर नहीं देना होता है। वहीं वह यदि एक घर बेचकर एक से अधिक घर खरीदता है तो उसे पूंजीगत लाभ कर देना पड़ता है। प्रस्तावित संशोधन के अनुसार अब यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक घर खरीदेगा और अपने पूंजीगत लाभ को निवेश करेगा तो उसे कोई भी टैक्स नहीं देना होगा, लेकिन इसका लाभ लेने के लिए उसे दो शर्तों का पालन करना होगा। मसलन यह लाभ पूरी जिंदगी में एक बार ही लिया जा सकता है और पूंजीगत लाभ दो करोड़ रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए। यह संशोधन आकलन वर्ष 2020-21 से लागू होगा। अगर किसी अमीर व्यक्ति का विचार अपने पूंजीगत लाभ को पुनः निवेश करने का हो तो उसे अपने घर को अप्रैल के बाद बेचना चाहिए और नए संशोधनों का लाभ उठाना चाहिए। मौजूदा आयकर कानून की धारा 80/बी के तहत कोई भी व्यक्ति किफायती आवासीय योजना शुरू करता है तो प्रोजेक्ट के कुल मुनाफे को कर योग्य आय की गणना के समय शामिल किया जाएगा। बशर्ते इस प्रोजेक्ट की मंजूरी 31 मार्च, 2019 से पहले होनी चाहिए। अब नए संशोधन के अनुसार इस प्रोजेक्ट की मंजूरी 31 मार्च, 2020 से पहले प्राप्त करनी होगी। रियल एस्टेट डेवलपरों को इससे फायदा होगा। ऐसे में संबंधित व्यक्ति को धारा 80/बी की शर्तों का पालन करना होगा। उसे कंपनी, भागीदारी फर्म, एलएलपी, संयुक्त हिंदू परिवार होने पर आयकर कानून की धारा आइआइएसजेजेबी अथवा आइआइएसजेई के तहत बुक लाभ का 18.5 प्रतिशत कर भरना होगा।

सरकार का कहना है कि किफायती आवासीय परियोजना का मुनाफा कर मुक्त है, वह उचित नहीं है। ऐसे अमीर लोगों को 25 प्रतिशत के स्थान पर 18.5 प्रतिशत कर भरना पड़ेगा। आयकर कानून 1961 की धारा 16 के वर्तमान प्रावधानों के अनुसार करदाता को वेतन की आय में 40,000 रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन प्राप्त है। बजट 2019-20 में प्रस्तावित प्रावधान के मुताबिक असेसमेंट ईयर (आकलन वर्ष) 2020/21 से अर्थात एक अप्रैल, 2019 से शुरू हो रहे वित्त वर्ष से यह स्टैंडर्ड डिडक्शन 40,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया गया है। फलतः करदाता को वेतन की आय में वार्षिक 2000 से 3000 रुपये तक आयकर में बचत हो सकती है। आयकर कानून की धारा 194 ए के तहत बैंक डिपॉजिट, पोस्ट ऑफिस डिपॉजिट आदि पर उत्पन्न ब्याज की रकम 10,000 रुपये से अधिक होने की स्थिति में 10 प्रतिशत की दर से कर कटौती की जाती है। करदाता यदि वरिष्ठ नागरिक हो तो यह सीमा 50,000 रुपये की है। बजट 2019 में प्रस्तावित प्रावधान के अनुसार यह सीमा 10,000 रुपये से बढ़ाकर 40,000 रुपये की गई है। वरिष्ठ नागरिक के मामले में इस प्रावधान में कोई फेरबदल नहीं किया गया है। प्रस्तावित प्रावधान आकलन वर्ष 2020-21 में लागू होगा। आयकर कानून की धारा 194-आई में किराया भुगतान की आय 1,80,000 रुपये से अधिक हो तो स्रोत पर कर कटौती की जाती है। बजट 2019-2020 के प्रस्तावित प्रावधान के मुताबिक आकलन वर्ष 2020-21 से यह राशि बढ़ाकर 2,40,000 रुपये की गई है। कुल मिलाकर वित्त मंत्री ने इस बजट में समाज के प्रत्येक वर्ग को कुछ न कुछ फायदा पहुंचाने की सफल कोशिश की है।

(लेखक बीएसई के प्रबंध निदेशक हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

मन की शांति

जीवन में मन की शांति सबसे महत्वपूर्ण है, लेकिन लोगों की बढ़ती व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं और निरंतर बढ़ रहे अशांत माहौल में हमारी मन की शांति दुर्लभ होती जा रही है। मन की शांति के अभाव में सब कुछ होने के बावजूद हमें ऐसा लगता है कि हमारे पास कुछ भी नहीं है। यदि हम विश्व भर में अपनी विजय पताका फहरा दें, लेकिन मन की शांति के अभाव के कारण तब भी हमें महसूस होता है कि अभी कुछ पाना शेष रह गया है। कहते हैं कि सम्राट अशोक को भी सच्ची खुशी नहीं मिली थी और तब उन्होंने मन की शांति के लिए धर्म का मार्ग चुना। मन की शांति मिल जाने के बाद हमें फिर किसी अन्य वस्तु की चाह नहीं रहती। ऐसे में प्रत्येक मनुष्य को यही कोशिश करनी चाहिए कि उनके द्वारा किए जा रहे कर्म से कुछ हासिल हो या न हो, लेकिन उसे मन की शांति जरूर मिलनी चाहिए।

असल में वे लोग गलत हैं जो यह शिकायत करते हैं कि उन्हें लाख कोशिश करने के बावजूद मन की शांति नहीं मिलती। इसका कारण यह है कि वे लोग अपने मन की शांति के लिए वास्तविक प्रयास ही नहीं करते हैं। भौतिक सुख-संसाधनों से हमें क्षणिक खुशी जरूर मिलती है, लेकिन मन की शांति नहीं। अधिक से अधिक धन एवं वैभव कमाने के चक्कर में ज्यादातर मनुष्य अपने मन की शांति को दांव पर लगा देते हैं और समस्याओं को स्वयं ही आमंत्रित करते हैं। जाने-अनजाने समस्याओं और चिंताओं से घिरे रहने की हमारी आदत के कारण ही हमारे मन में अशांति अपना घर बना लेती है। इसके विपरीत जो लोग वास्तव में मन की शांति के लिए प्रयासरत रहते हैं, वे भीड़ में भी अपने लिए एकांत की खोज कर लेते हैं।

अगर हम वास्तविक शांति चाहते हैं तो हमें संसारिक चीजों से ध्यान हटाकर अपने भीतर की ओर यात्रा करनी होती है। मन की शांति के लिए हमें एकाग्रचित होकर अपने अंदर मौजूद शांति को जगाना पड़ता है। जब तक हमारा मन बाहर भटकता रहेगा तब तक शांति हमारे मन में नहीं उतरेगी, लेकिन जब हमारा मन एक जगह ठहर जाएगा तो फिर हमारे भीतर शांति की यात्रा शुरू हो जाएगी। कहने का सार यही है कि मन की शांति के लिए आत्मचिंतन करना ही काफी है। जब हम अपने मन को खोज लेते हैं तो कुछ समय के बाद वह अपने आप शांत हो जाता है।

महायोगी पायलट बाबा

कठपुतली कला का भविष्य

रमेश ठाकुर

हकीकत यह है कि अंगुलियों का हुनर दिखाने वाले कठपुतली कलाकार अब अंगुलियों पर ही गिने जा सकते हैं

कठपुतली कला ने कभी विदेशों में भारत का परचम लहराया था। हिंदुस्तान को एक अलग पहचान दिलाई थी, लेकिन अब यह कला बदहाली के कगार पर पहुंच चुकी है। कहते हैं कि जब हुनर ही हाशिये पर आ जाए तो यकीनन हसरतें बेमानी सी हो जाती हैं। नाउम्मीदी का भंवर भविष्य को बदहाली के मुहाने पर ले जाता है। हकीकत यह है कि अंगुलियों का हुनर दिखाने वाले कलाकारों को अब अंगुलियों पर ही गिना जा सकता है।

जी हां, कभी कठपुतली की कला से देश-विदेश में चर्चा बटोरने वाले कलाकार आज दो वक्त की रोटी के लिए भी मोहताज हैं। डिजिटल इंडिया के युग में कठपुतली के कलाकार बदहाली की जिंदगी जी रहे हैं। दिल्ली के शादीपुर डिपो के पास कठपुतली कॉलोनी में 2600 परिवार रहते हैं, लेकिन कठपुतली कॉलोनी की बदहाली की कहानी नई नहीं है। देश में कठपुतली की कहानियां कागजों में सिमटीं तो कलाकारों की हालत खराब हो गई। राजस्थान से आए करीब 250 कलाकारों के लिए तो अब दो वक्त की रोटी जुटाना भी कठिन हो रहा है। ये कलाकार बताते हैं कि जब चुनाव नजदीक आते हैं तो हरेक सियासी नेता हमारी कॉलोनी में आते हैं, लेकिन वे वादों के सिवाय हमें कुछ और नहीं देकर जाते। चुनाव संपन्न होने के बाद उनके वादे ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। कलाकार कहते हैं अब उनको इसकी आदत हो गई है। उनको पता है कि कुछ होने वाला नहीं है। 22 साल के एक युवा कलाकार विकास बताते हैं कि 20 साल की उम्र में उन्होंने कठपुतली की कलाकारी सीखी थी। उनके पिता जी ने उन्हें यह कला सिखाई थी, लेकिन आज के दौर में उनका हुनर बेमानी हो गया है। यकीनन कठपुतली के कलाकारों की जिंदगी भी कठपुतली सरीखी हो गई है।

कठपुतलियों के कलाकर ज्यादातर राजस्थान के निवासी होते हैं। राजस्थान में इस कला को लोकनृत्यों में पारंगत माना जाता था। पहले इस कला के कद्रदान हुआ करते थे, लेकिन वक्त ने इस कला को खात्मे की ओर धकेल दिया है। अगर सरकार ने जल्द ही इस ओर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले वक्त में कठपुतली के कलाकार इतिहास तो बन ही जाएंगे, साथ ही साथ कठपुतली की कला भी टीवी और पुराने दस्तावेजों का हिस्सा बन जाएगी। समय की मार के चलते अधिकांश कठपुतली कलाकारों ने इस कला से किनारा कर लिया है। कलाकारों की मानें तो कठपुतली के कार्यक्रम अब साल में एक दो ही मिलते हैं या फिर नहीं भी मिलते हैं। इससे घर का खर्चा कैसे चले? लिहाजा अब वे ढोल बजाने के धंधे में लग गए हैं। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक ढोल बजाने की कला में जुट गए हैं। कठपुतली के कलाकार बताते हैं कि वे बीते दस सालों से ढोल बजाकर ही अपने परिवार का गुजारा कर रहे हैं।

एक जमाना था जब प्रदेश स्तर पर लोककलाओं को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम होते थे तो यही कलाकार प्रमुखता से हिस्सा लेते थे, लेकिन अब ऐसे कार्यक्रम भी नहीं हो रहे हैं। जाहिर है अगर हालात ऐसे ही रहे तो वह वक्त दूर नहीं जब कठपुतली कला इतिहास का हिस्सा बन जाएगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

एकतरफा विचार

एचएएल की नाकामी शीर्षक से लिखे संपादकीय में कहा गया है कि इन दिनों एचएएल (हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड) का काम बहुत खराब हो गया है। मेरे खयाल से देश की एक प्रतिष्ठित संस्था के काम-काज का यह एकतरफा आकलन है। बहरहाल यदि संपादकीय में लिखी बातों को कुछ देर के लिए सही मान भी लिया जाए तो मेरा सवाल यह है कि कभी नामी कंपनी रही एचएएल को बर्बाद किसने किया है? पांच वर्ष का समय किसी सरकार के लिए कम नहीं होता है। मैं पूछना चाहूंगा कि इस अवधि में केंद्र की मोदी सरकार ने इसकी गरिमा लौटाने के लिए क्या किया? उसका आधुनिकीकरण क्यों नहीं किया गया? सरकार उसे पूंजी और नए ऑर्डर क्यों नहीं दे रही है? इस तरह कहीं एचएएल को नाकाम बनाकर केंद्र सरकार उसे किसी निजी कंपनी के हाथों बेचने की साजिश तो नहीं कर रही है। जहां तक एचएएल की कुशलता और विशेषज्ञता का प्रश्न है तो मैं यही कहना चाहूंगा कि सरकार ऐसे लोगों की भर्ती ही क्यों करती है? जिन कर्मचारियों का प्रदर्शन स्तरीय नहीं है सरकार उन्हें बाहर का रास्ता क्यों नहीं दिखाती? केंद्र सरकार का दोष एचएएल प्रबंधन पर डालने से क्या फायदा? और अंत में जिस एचएएल के पास अभी अपने कर्मचारियों को वेतन देने के पैसे नहीं हैं तो फिर उससे उच्च स्तरीय काम खोजने का क्या औचित्य है! अफसोस की बात है कि संपादकीय इन सब बिंदुओं पर खामोश है।

shishir1954@gmail.com

अधूरा विश्लेषण

चुनाव के साथ आर्थिक सेहत की चिंता शीर्षक के तहत

मेलबाक्स

लिखे अपने लेख में संजय गुप्त ने मोदी सरकार के अंतरिम बजट की तुलना कांग्रेस राज के अंतिम बजट से की है, लेकिन लेखक यह क्यों भूल गए कि देश का मतदाता सालाना बजट का विश्लेषण करके ही अपने कीमती वोट का प्रयोग नहीं करता, बल्कि सरकार की पांच साल की नीतियों का भी विश्लेषण करता है। देश के विकास में किसानों और कामगारों का बहुत बड़ा योगदान होता है। सरकार ने बजट में इनके लिए कुछ घोषणाएं कर उपकार नहीं किया है, बल्कि यह उसकी जिम्मेदारी है। चुनाव के समय लोकलुभावने वादों पर आजकल एक छोटी-सी कहानी वायरल हो रही है कि एक बार एक जंगल में भेड़ों के एक झुंड को जंगल का राजा संबोधन करते हुए कह रहा था कि इस बार सर्दियों में सभी को फ्री में कंबल बांटे जाएंगे, इस पर एक भेड़ का बच्चा पूछता है कि कंबल के लिए ऊन कहां से आएगी? हमसे ही न? क्या यह सच नहीं है कि केंद्र सरकार आम लोगों को अभी जो राहत दे रही है उसका बोझ अंततः उन्हीं पर डालेगी?

राजेश चौहान, जालंधर

शर्मनाक हरकत

हम अमेरिका, चीन और जापान जैसा विकास अपने देश में भी तो चाहते हैं, लेकिन वहां के नागरिकों की तरह बर्ताव नहीं करना चाहते? हम हर सुविधाओं से सुसज्जित, सुरक्षित और सुविधायुक्त ट्रेनों की मांग करते हैं, लेकिन दुख की बात है कि जब सरकार ऐसी ट्रेनों को चलाने के लिए आगे आती है तो हम नागरिक उस पर पत्थरबाजी करते हैं? ऐसा क्यों? एक नागरिक के रूप में हम अपनी जिम्मेदारी कब समझेंगे? आखिर हम क्यों राष्ट्रीय संपत्तियों को नुकसान पहुंचाते हैं? वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंकना देश के नागरिकों को शोभा नहीं देता। लोगों को अपनी मानसिकता बदलनी होगी तभी देश का सही तरह से विकास हो पाएगा।

नीरज कुमार पाठ

बिज़नेस स्टैंडर्ड
वर्ष 11 अंक 300

मजबूत बॉन्ड बाजार

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में शनिवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019-20 के अंतरिम बजट की सराहना करते हुए इसे किसानों, श्रमिकों और मध्य वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने वादा किया कि अगर लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को जीत हासिल होती है तो समाज के सभी तबकों को और अधिक लाभ प्रदान किया जाएगा। अंतरिम बजट में कई ऐसे कदम उठाए गए जो एक लोककल्याणकारी राज्य की स्थापना से जुड़े हुए हैं। इन कदमों में दो हेक्टेयर रकबे वाले किसानों के लिए आय समर्थन योजना शामिल है। इस योजना के तहत देश के करीब 12 करोड़ किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी। सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए 60 वर्ष की उम्र के बाद 3,000 रुपये मासिक पेंशन मुहैया कराने की बात कही जिसमें सरकार का भी समान योगदान है। इसके अलावा 5 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले लोगों को आयकर में छूट प्रदान की गई।

उल्लेखनीय बात यह है कि सरकार की इस पूरी कवायद के बावजूद राजकोषीय घाटे पर कुछ खास असर पड़ता नहीं दिख रहा। यहां व्यापक बात यह है कि क्या अत्यंत सीमित वित्तीय संसाधनों वाला देश ऐसी कल्याणकारी योजनाएं चला सकता है? इसके लिए अकेले सरकार को दोष देना अनुचित होगा। सच तो यह है कि मोदी की तारीफ की जानी चाहिए कि उन्होंने कृषि ऋण माफी जैसी कहीं अधिक नुकसानदायक योजनाओं की राह नहीं चुनी। ऐसी योजनाएं ऋण के अनुशासन को भंग करती हैं और इनसे किसानों की स्थिति सुधारने में कुछ खास सहायता नहीं मिलती। यह बात अलग है कि भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की सरकारों को विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ऐसी घोषणाएं करने से नहीं रोका। विपक्षी दल भी इसे व्यवहार में अपनाने से पीछे नहीं हटे। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि वह मोदी को तब तक सोने नहीं देंगे जब तक कि देश भर में कृषि ऋण माफी की घोषणा नहीं होती है। उन्होंने यह वादा भी किया है कि अगर आम चुनाव के बाद देश में कांग्रेस की सरकार आती है तो न्यूनतम आय गारंटी योजना शुरू की जाएगी।

ये तमाम वादे यही जाहिर करते हैं कि देश में ऐसे लोकलुभावनवाद का दौर आ रहा है जिसे चाहकर भी बदला नहीं जा सकता। इसके चलते देश में ऐसी राजकोषीय प्रतिबद्धताओं का दौर आ रहा है जिनका स्थायित्व काफी मुश्किल भरा हो सकता है। यकीनी तौर पर विकसित देशों में ऐसी प्रतिबद्धताओं की नाकामी का हश्र हम सब देख ही चुके हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि हमारे राजनेता भी उसी दिशा में अग्रसर हैं। ऐसा लगता नहीं कि कोई ऐसी बात है जो देश के नीति निर्माताओं को ये वादे करने से रोके। एक तरह से देखा जाए तो इन योजनाओं की वास्तविक वित्तीय लागत का प्रश्न भी सामने है। उदाहरण के लिए एक सुविकसित बॉन्ड बाजार के अभाव में ऐसा कोई तरीका नहीं है जिसके तहत बाजार उच्च प्रतिफल और ब्याज के माध्यम से आपत्ति दर्ज करा सके। देश में लोगों को बॉन्ड बाजार से जोड़ने के आधे-अधूरे मन से किए गए प्रयासों को बहुत ही सीमित सफलता मिली है। राजकोषीय लोकलुभावनवाद पर नियंत्रण कायम करने के लिए एक मजबूत बॉन्ड बाजार हमारी संस्थागत आवश्यकता है। इसकी सफलता सस्ते प्रपत्रों के नकदीकरण, समूचे ऋण परिदृश्य को लेकर निवेशकों की चाह, पर्याप्त हेजिंग की व्यवस्था और व्यवहार्य प्रपत्रों की उपलब्धता और आपूर्ति पर निर्भर करेगी। चूंकि ऐसा लगता नहीं कि लोक लुभावनवाद की यह चाह निकट भविष्य में कम होगी, इसलिए भारत को बॉन्ड बाजार के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकता तय करनी होगी।



अजय मोहंती

मनमोहन के संप्रग-2 पर भारी मोदी का कार्यकाल

देश की राजनीतिक अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी के पांच सटीक कदम यह बताते हैं कि आखिर क्यों यह जरूरी नहीं कि अच्छे आर्थिक कदम, राजनीतिक दृष्टि से बुरे ही हों।



राष्ट्र की बात

शेखर गुप्ता

बीते पांच वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कामकाज को देखें तो आर्थिक मोर्चे पर उसका प्रदर्शन कैसा रहा, इस बारे में दो विपरीत बातें सामने आती हैं और ये पूरी तरह आपकी पसंद पर निर्भर करती हैं। एक समूह कहेगा कि आर्थिक मोर्चे पर सरकार का प्रदर्शन शानदार रहा तो दूसरा समूह यह कह सकता है कि सरकार बुरी तरह विफल रही। सरकार के प्रशंसक आंकड़ों की दलील देंगे, आलोचक इसका विरोध करेंगे। परंतु सवाल यह है कि अगर आंकड़ों से छेड़छाड़ की गई हो तो आकलन कैसे होगा? हमें दोनों ध्रुवों के विशेषज्ञों को इस मसले पर लड़ने भिड़ने देना चाहिए और मोदी सरकार के पांच साल के कार्यकाल में राजनीतिक अर्थव्यवस्था को लेकर व्यापक दृष्टि से विचार करना चाहिए।

मोदी सरकार का पांच वर्ष का कार्यकाल समाप्त होने को है, ऐसे में नजर डालते हैं पांच ऐसे आर्थिक कदमों पर जिन्हें इस सरकार ने सही ढंग से अंजाम दिया। अपनी बात पर जोर देने के लिए मैं यह दोहराता हूं कि मैं इस तस्वीर को राजनीतिक या राजनीतिक अर्थव्यवस्था के चश्मे से देखता हूं, न कि विशुद्ध रूप से आर्थिक। यही वजह है कि मेरी नजर में सबसे बड़ी सकारात्मक घटना है ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी)का सफल क्रियान्वयन।

यह सही है कि अब तक केवल 12 डिफॉल्टरों को इस प्रक्रिया के अधीन किया गया है लेकिन ये 12 सबसे बड़े और ताकतवर लोग हैं। ये उस तरह के लोग हैं जिनके फोन में अधिकांश ताकतवर राजनेताओं और नौकरशाहों के नंबर स्पीड डायल में रहते हैं। जिनकी जेबों में लेनदारी की पर्ची जमा रहती हैं। परंतु तथ्य यही है कोई फोन कॉल उनको बचा नहीं सका। फिर चाहे वह एस्सार के ताकतवर रुइया ही क्यों न हों। यह एक नई तरह की राजनीतिक इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

इसे दूसरी तरह से देखते हैं। अगर एक बार आपको पता चल जाए कि एक मित्रवत फोन कॉल आपकी मदद नहीं कर सकता है तब आप यह देश में पूंजीवाद के नए युग के साथ बरताव सीख जाते हैं। यहां अगर आपका कारोबार विफल हुआ तो दिवालिया होना तय है। पूंजीवादी व्यवस्था की मजबूती के लिए समाज को यह कड़वा सबक सीखना होता है कि नाकामी को भी स्वीकार करना होगा। हमारे देश में दिवालियापन को शर्मिंदगी का सबब माना जाता रहा है और छिपाया जाता है।

मुखर रूप से वाम-समाजवादी रुझान वाला लेकिन फोन पर मदद मुहैया कराने वाला राज्य इसमें साझेदार के समान था। मोदी सरकार ने इसका अंत किया। बड़े-बड़े कारोबारी धराशायी हो रहे हैं। यह दौर भारतीय पूंजीवाद के नए स्वरूप के उभार की वजह बन सकता है। मुझे यह राजनीतिक और सांस्कृतिक स्तर पर अनिवार्य बदलाव नजर आ रहा है।

मोदी सरकार की इस बात के लिए काफी आलोचना हुई है कि कच्चा तेल सस्ता होने के बावजूद उसने पेट्रोलियम पदार्थ के दाम ज्यादा रहने दिए। परंतु इसे लेकर उतनी हायतौबा नहीं मची जैसी संप्रग के दौर में देखने को मिलती थी। यह इसलिए क्योंकि उपभोक्ता महीने के अंत में खरीदारी के समग्र बिल को देखते हैं। मोदी के कार्यकाल में तेल कीमतें अधिक रहीं लेकिन महंगाई, खासतौर पर खाद्य महंगाई में कमी आई। मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर कोई सवाल नहीं उठाया गया है, न ही जीडीपी की तरह उसमें कोई फेरबदल किया गया है। ऐसे में संप्रग के साथ इसकी तुलना करना उचित होगा।

सन 2014 में जब मोदी सरकार सत्ता में आई तो संप्रग-2 ने जो अर्थव्यवस्था सौंपी उसमें खुदरा महंगाई 8.33 फीसदी थी। दिसंबर 2018 में यह केवल 2.19 फीसदी है। ध्यान रहे ऐसा तब है जबकि तेल कीमतें ऊंची हैं।

मुद्रास्फीति को कम करना मोदी सरकार के अपेक्षाकृत गैर अकादमिक राजनीतिक अर्थशास्त्र की दूसरी बड़ी सफलता है। अधिकांश भारतीय सरकारें तेल कीमतें कम करने और शहरी बुर्जुआ वर्ग को शांत रखने को तरजीह देतीं।

कीमतों की राजनीति का अपना ही रहस्य है। संप्रग-1 ने किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में लगातार इजाफा किया। इससे किसानों और कृषि श्रमिकों की स्थिति थोड़ी बेहतर हुई और सरकार को दूसरा कार्यकाल आसानी से मिल गया। दूसरे कार्यकाल में उपभोक्ता खाद्य वस्तुओं की महंगाई आकाश छूने लगी और काफी दबाव उत्पन्न हुआ। नतीजा, सरकार को हार का मुंह देखना पड़ा। मोदी सरकार के कार्यकाल में इसमें गिरावट आ रही है। इसके लिए कुछ हद तक एमएसपी न बढ़ाना वजह है। इसके अलावा बाजार की परवाह किए बिना उसने दालों की खेती को खूब बढ़ावा दिया है।

यही कारण है कि किसान गरीब होने लगे और मेहनताना कम होने लगा। महज विगत तीन फसल चक्रों से राजग ने एमएसपी बढ़ाना शुरू किया। परंतु अभी उसके असर का आकलन करना जल्दबाजी होगी। ऐसे में राहुल का यह कहना गलत नहीं कि मोदी के पांच साल के कार्यकाल में किसानों को नुकसान हुआ है।

यह कड़वी राजनीतिक हकीकत है कि जब तक उपभोक्ताओं और किसानों के हित परस्पर विरोधी होंगे, तब तक कीमतें बढ़ने और घटने पर सरकार गिरने का उतना ही जोखिम होगा। इस चक्रव्यूह से निकलने का एक ही तरीका है और वह है कृषि सुधारों को अंजाम देना। राजग सरकार ऐसा करने में पूरी तरह नाकाम रही है।

सवाल है कि मोदी सरकार ने ईंधन क्षेत्र में जो कर जुटाया, उसका क्या किया? इस प्रश्न का उत्तर इस बात में निहित है कि उसने राजकोषीय घाटा कम करने में सफलता हासिल की। मतदाताओं को विभिन्न योजनाओं में हजारों करोड़ रुपये की राशि देने के बावजूद सरकार घाटे पर काबू रख सकी क्योंकि उसे तेल से लाभ मिलता रहा।

राजमार्ग निर्माण में भारी निवेश किया गया लेकिन बंदरगाहों, सागरमाला परियोजना, पूर्वोत्तर क्षेत्र और रेलवे पर उतना ध्यान नहीं दिया गया। आंकड़े बताते हैं कि देश का बुनियादी व्यय बीते एक दशक में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में करीब तीन गुना हो गया है। इसमें काफी कुछ बीते चार वर्ष में हुआ है।

